हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 18 डिग्री
न्यूनतम 8 डिग्री

4 पटवारी करता था कोचियों के लिए रकबा में हेरफेर



## खबर संक्षेप

### कृषि महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन आज

**खड़गवां।** इंदिरा गांधी कृषि विवि से संबद्ध कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र खड़गवां के नवनिर्माण कृषि महाविद्यालय भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम 5 जनवरी को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत के सामने खड़गवां में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छग शासन के प्रभारी मंत्री रामविचारनेताम उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं किसानों के हित से जुड़ी योजनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा।

### टमाटर फिर हुआ लाल सब्जियों के दाम में तेजी



**सोनहत।** खंड स्तर पर बीते कुछ दिनों से विभिन्न हाट-बाजारों में सब्जियों के दामों में तेजी देखी जा रही है। खासकर टमाटर के भाव में जोरदार उछाल आया है। मुख्यालय सहित आसपास के हाट बाजारों में इन दिनों टमाटर 50-60 रूपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। महंगे टमाटर के कारण ठंड के मौसम में सब्जियां आम लोगों की थाली से लगभग बेस्वाद होती नजर आ रही हैं। स्थानीय किसानों के अनुसार फसलों की आवक सीमित होने के साथ ही मौसम की मार और ठंड से फसल प्रभावित होने के कारण टमाटर के दाम बढ़े हैं।

### युवती का फांसी पर लटका मिला शव

**बैकुण्ठपुर।** शहर के खुटहनपारा क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में रविवार को एक युवती का शव फांसी पर झूलते हुए मिला, इसकी सूचना लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर के खुटहनपारा क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में एक युवती का शव फॉसी पर झूलते मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कार्रवाई शुरू की, तब मृत युवती की पहचान रीना खलखों उम्र 24 वर्ष निवासी गोविंदपुर के रूप में हुई, जो खुटहनपारा क्षेत्र में ही किराए के मकान में रहती थी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया, जिसके बाद ही युवती के मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### पीएचई के अधिकारी का कार दुर्घटनाग्रस्त

**बैकुण्ठपुर।** रविवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी की वाहन एनएच 43 किनारे दुर्घटना का शिकार हो गई, लेकिन घटना में वाहन में सवार अधिकारी व चालक सुरक्षित बच गए, लेकिन इस घटना में एक मकान का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीएचई विभाग के अधिकारी का कार एनएच 43 पर ग्राम लाई के पास अमृतधारा मोड के पास एक तेज रफ्तार बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक मकान से टकरा गया, इससे मकान के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन कार में सवार अधिकारी एवं चालक सुरक्षित रहे, वहीं बाइक सवार भी बच गए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में सड़क सुरक्षा माह चल रहा है और इस दौरान भी कई वाहन चालक तेज गति से वाहन दौड़ाते हैं। शनिवार को अपरान्ह सोनहत के पास कार से तेज रफ्तार बाइक की जोरदार भिडंत हो गई, इसमें एक की मौके पर मौत हो गई थी।

## प्रभारी मंत्री ने विभागवार कार्यों की समीक्षा की

# जिले में पर्यटन को दें बढ़ावाः रामविचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन एवं पशुधन मंत्री तथा कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान मंत्री श्री नेताम ने जिले में संचालित विभिन्न नवाचारों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कोरिया मोदक लड्डू, सोनहनी शहद उत्पादन सहित जिले में चल रहे नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ ने मंत्री श्री नेताम को बताया कि वयोवंदना योजना के अंतर्गत 7,632 कार्ड बनाए जा चुके हैं, जो 106 प्रतिशत से अधिक है। वहीं अन्य योजनाओं के तहत कुल 2 लाख 67 हजार 747 कार्ड बनाए गए हैं, जो 96 प्रतिशत प्रगति दशार्ते हैं। प्रदेश के पहले वयोवृद्ध केयर क्लीनिक की जानकारी भी दी गई। धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 154 ग्रामों में 2,685 जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने इस बारे में जानकारी दी। मंत्री श्री नेताम ने दलहन-तिलहन के रकबे को बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि किसान केवल धान पर निर्भर न रहें, बल्कि उद्यानिकी, फल-फूल, मसाले एवं वैकल्पिक फसलों की खेती को अपनाएं और जल संरक्षण को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने जिले में पॉम ऑयल उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। युवाओं में बढ़ते सूखा नशा, ड्रग्स एवं इंजेक्शन के उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने इस दिशा में लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क, पुल एवं पुलिया निर्माण से पूर्व संबंधित विधायक, जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं ताकि क्षेत्र के विकास बेहतर हो सके। मंत्री श्री नेताम एवं विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने वन विभाग को चंदन पौधरोपण बड़े पैमाने पर करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। श्री नेताम ने सभी लोगों को नव वर्ष व छेरछेरा के बधाई देते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि समय पर स्वीकृत कार्य को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जनता के लिए और उनके सरोकार के लिए कार्य करने संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने जिले में संचालित बुजुर्ग स्वास्थ्य केन्द्र का तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उसे पूरा करने का प्रतिबद्ध हैं। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला वन मंडलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, बैकुंठपुर एसडीएम उमेश कुमार पटेल, सोनहत एसडीएम अंशुल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम।

### मंत्री आज एमसीबी जिले के प्रवास पर

छग शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन तथा पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम सोमवार 5 जनवरी को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री श्री नेताम प्रातः 10:45 बजे सर्किट हाउस मनेन्द्रगढ़ से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे और सुबह 11 बजे जनपद पंचायत खड़गवां पहुंचकर कृषि महाविद्यालय भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12:30 बजे मंत्री श्री नेताम ग्राम सरभोका स्थित केबी पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग पहुंचेंगे, जहां आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके पश्चात वे विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के जन्म दिवस समारोह में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं देंगे। दोपहर 3 बजे मंत्री ग्राम पंचायत बंजी के गुरूचौहवा पारा, आल्हामाड़ा पहुंचकर पारंपरिक छेरता तिहार कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इस दौरान वे छग की लोक संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक एकता के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे। शाम 5 बजे मंत्री कलेक्ट्रेट कार्यालय मनेन्द्रगढ़ पहुंचकर जिला समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# हेलमेट नहीं पहनने से गई शिक्षक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ कोटाडोल थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा

जिले के थाना कोटाडोल अंतर्गत ग्राम नेरुवा में 1-2 जनवरी की दरम्यानी रात एक दुखद सड़क दुर्घटना घटित हुई। इसमें एक शिक्षक की जान चली गई। यह हादसा एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करता है कि यातायात नियमों की अनदेखी कितनी भारी पड़ सकती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नेरूवा निवासी अंबिका प्रसाद सिंह पिता स्व. सुदर्शन सिंह बालन उम्र 48 वर्ष जो कि ग्राम नेरूवा प्राथमिक शाला में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। रात के समय बिना हेलमेट मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान उनका वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में उनके सिर में गंभीर चोटे आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी 02 जनवरी 2026 की सुबह मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रार्थी लाल विजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार किया गया एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई। इस हादसे को लेकर पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह ने कहा कि यह घटना स्पष्ट रूप से बताती है कि सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट ना पहनना कितना घातक हो सकता है। यदि मृतक ने हेलमेट पहना होता तो संभवतः उनकी जान बच सकती थी। उन्होंने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। जिला पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें। यातायात नियमों का पालन करें। लापरवाही से बचें और अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा को सर्वोपरि रखें। यातायात नियम अपनाएं, सुरक्षित रहें। यही जीवन रक्षा का सबसे बड़ा मंत्र है।



घटनास्थल।

# चरित्र शंका में पत्नी की नृशंस हत्या आरोपी पति को आजीवन कारावास

**मनेन्द्रगढ़।** प्रथम अपर सत्र न्यायालय मनेन्द्रगढ़ ने चरित्र शंका के चलते पत्नी की नृशंस हत्या करने के मामले में आरोपी पति को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास तथा धारा 201 के तहत दो वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है।

अपर लोक अभियोजक गोपाल ने बताया कि ग्राम मुकिल पंडोपारा, कोटाडोल (एमसीबी) निवासी रामलल्लू उर्फ लालमन पंडो उम्र 25 वर्ष ने 5 मार्च 2023 की रात करीब 1:30 बजे अपनी पत्नी राजकुमारी की चरित्र शंका में हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को सिरिया नाला स्टॉपडेम के पास फेंक दिया था। सुबह करीब 7 बजे ग्राम के सरपंच पति सरजू पंडो को स्टॉपडेम के पास शव मिलने की सूचना मिली, जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर महिला का शव निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा मिला। पीठ और कमर के पास गंभीर चोटों के निशान पाए गए। मृतका के घर के पीछे संघर्ष के निशान मिले, साथ ही मोतीमाला, झुमका, टूटा-बिखरा सामान और ब्लाउज व पेटीकोट की रस्सी भी बरामद की गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि उसने पत्नी के पीठ, कमर, सीना और गुप्तांगों में मारपीट की, फिर उसे जमीन पर पटककर घसीटते हुए स्टॉपडेम के पीछे ले गया, जहां पानी में डुबोकर गला दबाकर हत्या की। प्रकरण की सुनवाई उपरांत प्रथम अपर सत्र न्यायालय मनेन्द्रगढ़ ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।





ठंड का असर....

बैकुण्ठपुर। जब ठंड हद से बढ़ने लगी तो इंसान और बेजुबान एक ही आंच पर मिलने लगे। यह तस्वीर शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के अलाव स्थल की हैं, जहां रविवार की सुबह यह दृश्य देखने को मिला।

### नाराज पत्नी ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** पति के गाली देने से नाराज हुई पत्नी ने कीटनाशक पी ली। परिजन उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी वेनोति तिर्की पति प्रभू तिर्की (42 वर्ष) 31 दिसंबर को नया साल का त्यौहार मना रहे थे। कुछ समय बाद पत्नी नशे की हालत में खलियान पहुंची और पति से गाली गलौज करने लगी। जिस पर पति ने भी उसे गाली दे दिया जिससे नाराज होकर पत्नी ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गत शाम उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

# यातायात नियमों के पालन की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ एरोबिक्स के साथ मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह

भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 4 जनवरी को कुमार चौक बैकुंठपुर में यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे भी उपस्थित रहे। उक्त आयोजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे के निर्देशन में बैनर-पोस्टर के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को एरोबिक्स के माध्यम से व्यायाम कराया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ओवरस्पीडिंग व नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उद्देश्य दंड नहीं बल्कि जीवन की रक्षा है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जिलेवासियों से हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने, महिला सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार रवैया अपनाने और बच्चों को यातायात नियमों की ⏭ शेष पेज 4 पर




### लर्निंग लाइसेंस हेतु जिले में विशेष शिविर 7 से

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन एवं पुलिस विभाग के द्वारा लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया जा रहा है । जिसके अंतर्गत 7 जनवरी को सबाग, तहसील कार्यालय सामरी, कुसमी में एक दिवसीय शिविर ,तहसील कार्यालय कुसमी, शंकरगढ़ , राजपुर में 8 एवं 9 जनवरी को दो दिवसीय, रामानुजगंज में 11 एवं 12 जनवरी, पुराना बस स्टैंड बलरामपुर में 7 एवं 8 जनवरी, तहसील कार्यालय वाड्रफनगर में 11 एवं 12 जनवरी को शिविर आयोजित किया जाएगा। जो भी लाइसेंस बनवाना चाहते हैं आधार कार्ड , पेन कार्ड, दसवीं का मार्कशीट लेकर उपस्थित होंगे। लाइसेंस के लिए (शासकीय शुल्क एवं परिवहन सुविधा केन्द्र शुल्क) एक केटेगरी लाइसेंस 400 रुपए, दो केटैगरी लाइसेंस 500 रुपए, शुल्क निर्धारित है। प्रशासन ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे निर्धारित तिथियों में शिविर का लाभ उठाकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

# नपा के पाइप लाइन व सफाई कार्यों का सीएमओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 6 एवं 12 में पेयजल पाइप लाइन एवं साफ-सफाई कार्यों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में सहायक अभियंता, उप अभियंता, जल प्रभारी, स्वच्छता प्रभारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 6 में कुछ स्थानों पर निजी नल कनेक्शन नाली के ऊपर से लिए गए पाए गए, जिन्हें नाली के किनारे से पाइप लाइन ले जाने के निर्देश दिए गए। परशुराम चौक के पास नई पाइप लाइन से कनेक्शन देने के लिए खुदाई कार्य प्रारंभ किया गया है तथा पुराने कनेक्शन बंद कर नवीन लाइन से कनेक्शन लेने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 12 में नगर पालिका कार्यालय के पीछे बड़े नाले के पास एवं सौभाग्यम हॉस्पिटल के समीप निजी नल कनेक्शनों को नाली के ऊपर से न ले जाने के लिए संबंधित नागरिकों को सूचित किया गया। ग्रामीण बैंक के पास स्थित नई नाली के मध्य पाइप लाइन से वर्तमान में कोई घरेलू कनेक्शन नहीं होने की जानकारी भी दी गई। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि उक्त पाइप लाइन ⏭ शेष पेज 4 पर



## आसमान में छाए थे बादल, वनांचल में अलाव का सहारा

# जिले का लुढ़का पारा फिर बढ़ी ठंड, कांपने लगे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बादल भरा मौसम साफ होने के बाद फिर से कोरिया जिले में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बीते कुछ दिन बादलों भरा रहने के चलते न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आई थी, लेकिन इसके बाद मौसम साफ होने के बाद कुछ दिन कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है।

इस दौरान अधिकतम तापमान में दिन के समय भी बढ़ोतरी नहीं होगी, लेकिन न्यूनतम तापमान का पारा गिरेगा, इससे ठंड में तेजी आएगी। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह होने के कुछ घंटों तक आसमान में बादल छाए रहे। इस दौरान कनकनी भारी ठंड का असर का सामना लोगों को पूर्वान्ह तक होता रहा ,इसके बाद जब धूप निकली तब ठंड से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट होने का अनुमान है। ऐसे में कोरिया जिले में बादलों के छंटने के बाद एक बार फिर से जमकर ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ेगा। वर्तमान में दिन बड़ा जरूर होने लगा है, लेकिन ठंड में कमी नहीं आ रही है। एक सप्ताह बाद मकर सक्रांति का पर्व है, इसके पूर्व लोगों को जमकर ठंड के असर का सामना करना पड़ेगा।




**सुहानी लगने लगी सूर्य की धूपः** वर्तमान में शाम ढलने के बाद एवं सुबह के कुछ घंटों तक तेज ठंड का असर बना हुआ है। सुबह के समय इस समय सूर्य का धूप सुहानी लगने लगा है,इस कारण लोग सुबह उठकर गुनगुनी धूप में अपने शरीर को गर्म करते हैं, लेकिन यही धूप दोपहर के समय तेज लगने लगती है।

### वनांचल में अधिक ठंड का असर

कोरिया जिले के पठारी एवं वनांचल क्षेत्रों में आने वाले कुछ दिनों तक अत्यधिक ठंड का असर होगा। दिसंबर के अंतिम दिनों से जिले के पठारी सोनहत क्षेत्र में सबसे अधिक ठंड के असर का सामना करना पड़ा। इस दौरान घर के बार खुले आसमान में थाली में रखा पानी मोटे बर्फ में तब्दील हो गया था, वहीं इसके बाद भी ठंड का कहर कोरिया के वनांचल एवं पठारी क्षेत्रों में जारी है। यही कारण है कि वनांचल क्षेत्रों में शाम ढलते ही लोग अपने घरों सुरक्षित रहने लगे हैं।

### बादल छटते ही ठंड बढ़ी

सोनहत। खंड स्तर पर विगत दो दिनों से आसमान में छाए बादल 3 जनवरी को सुबह लगभग 8 बजे के बाद छंटते नजर आए। बादलों के हटते ही पूरे क्षेत्र में ठंड का असर दिनभर बना रहा। हालांकि सुबह 8 बजे तक बादलों के कारण ठंडक अपेक्षाकृत कम महसूस की गई, लेकिन बाद में हल्की ठंडी हवाओं के चलने से मौसम में तेजी से बदलाव आया। दिनभर खिली धूप के बावजूद शीतलहरी हवाओं के चलते ठंड का प्रभाव लगातार बना रहा। स्थानीय ग्रामीण एवं किसानों के अनुसार बारिश की संभावना अचानक खत्म होने और आसमान साफ होने से आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल से मिले अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

रविवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एमसीबी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष माबूद अली का भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा स्वागत किया गया।

भाजपा कार्यालय बड़ा बाजार चिरमिरी में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में जिलेभर के भाजपा कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर माबूद अली का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। वक्ताओं ने उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन को और मजबूत होने की उम्मीद जाहिर की। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष श्री अली बीजेपी के पुराने कार्यकर्ता हैं एवं लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं। उनके नेतृत्व में जिले में भाजपा संगठन गांव-गांव तक अपनी पहुंच बनाएगा ऐसी उम्मीद है। नवनियुक्त अध्यक्ष माबूद अली ने ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने लोगों को दी समझाइश

**अंबिकापुर।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का सजगता से पालन करने हेतु डेन्जर्स एडवेंचर स्पोर्ट्स लोंगेस्ट वर्ल्ड टूर ऑन फुट जर्नी के सदस्य व पर्वतारोही एण्ड गिनिजेस बुक लिम्का बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टीम के 4 सदस्यीय टीम ने सरगुजा पुलिस के साथ सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना मणिपुर क्षेत्रांतर्गत बिलासपुर चौक के पास सड़क पर आने जाने वाले वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने हेतु सामान्य निर्देश दिया गया। साथ ही दोपहिया वाहन चालक जिन्होंने हेलमेट लगाया था उन्हें गुलाब का फूल देकर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हेलमेट नहीं लगाने वाले दुपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट भेंट कर वाहन चलाते समय आवश्यक रूप से पहनने की समझाइश दी गई। उक्त जागरूकता कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरगुजा अमोलक सिंह ढिल्लो के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक उप निरीक्षक विजय कैवर्त्य, थाना प्रभारी प्रभारी मणिपुर सीपी तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### कन्या स्कूल में हुआ नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय अंग्रेजी पूर्वी तथा संस्कृत दीपकम भाषा का प्रशिक्षण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सेजेस बिश्रामपुर में संपन्न हुआ। जिसमें 183 प्रशिक्षणार्थियों को डाइट से प्रशिक्षित प्रशिक्षक विवेक जायसवाल,सोमा घोष,रजनी बरेठ द्वारा अंग्रेजी विषय तथा राजकुमार अग्रवाल,लक्ष्मण प्रसाद तथा सुनीता सिंह द्वारा संस्कृत विषय के प्रशिक्षणार्थियों प्रशिक्षण दिया गया,प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह एवं व्याख्याता अमर कुमार जैन द्वारा किया गया,विकासखंड स्रोत समन्वयक मनोज कुमार मंडल ने कहा कि आप इस प्रशिक्षण से जो कुछ भी सीख कर जा रहे हैं,वह तभी सार्थक होगा जब आप इसे अपने कक्षा कक्ष में लागू करेंगे तथा इसका सार्थक प्रभाव बच्चों पर दिखाई देने लगे,उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में गंभीरता के साथ सहभागिता निभाने की अपील की,अंतिम दिवस संस्था के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में बिताए गए समय को सार्थक बनाने पर बल दिया,उन्होंने कहा कि प्रत्येक सत्र में सक्रिय सहभागिता,समय प्रबंधन और व्यावहारिक सीख पर ध्यान देना आवश्यक है,साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को कक्षा शिक्षण में लागू करने की सलाह दी,प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया, प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रशिक्षण प्रभारी बिश्रामपुर संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय, पंकज कुमार सिंह, कीर्ति कौशल दुबे सक्रिय रहे, प्रशिक्षण के दौरान बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ अपने शैक्षणिक अनुभव को साझा किया।

### भैयाथान में निकाली गई हेलमेट जागरूकता बाइक रैली



**भैयाथान।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत शुक्रवार को थाना झिलमिली पुलिस द्वारा भैयाथान मुख्य मार्ग में हेलमेट जागरूकता मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। जागरूकता रैली एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी नसीम उद्दीन द्वारा किया गया। रैली के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन संचालन का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों ने कहा कि बाइक या स्कूटी चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। उन्होंने बताया कि हेलमेट सिर की गंभीर चोटों से बचाव में अहम भूमिका निभाता है। जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल हुए। इस दौरान उप निरीक्षक अरविंद प्रसाद, प्रधान आरक्षक करण नेताम, महेंद्र यादव, मुकेश यादव, महेंद्र सिंह तथा आरक्षक बैजू सोलंकी, ताराचंद यादव, रामप्रसाद सहित अन्य पुलिस जवान मौजूद रहे।

### मोतियाबिंद से पीड़ितों की रौशनी लौटाने में जुटा नेत्र सहायक



**शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में नेत्र सहायक के पद पर पदस्थ दुर्गेश त्रिपाठी द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति जो दृष्टिहीन से पीड़ित होता है उसको रोशनी देने में हर संभव मदद करने का प्रयास निरंतर होता है। हाल में ही शंकरगढ़ के धारानगर निवासी बैजू राम पहाड़ी कोरवा जो दिव्यांग होने के साथ ही पहले से ही उनकी दोनों आंख में मोतियाबिंद होने से कुछ भी दिखाई नहीं देता था। ऐसे में उसके लिए अपना दैनिक कार्य कर पाना बहुत मुश्किल हो गया। नेत्र सहायक अधिकारी दुर्गेश त्रिपाठी स्वयं मिलकर कई बार ऑपरेशन के लिए प्रेरित किया जिसके बाद ग्रामीण ऑपरेशन के लिए तैयार हुआ। जांच उपरांत सफल ऑपरेशन होने पर बैजू राम पहाड़ी कोरवा को पुनः नई रोशनी मिला जिसके बाद वह हर कार्य आसानी से कर पा रहा और परिवार के साथ एक स्वास्थ्य जीवन व्यतीत कर रहा।

## शोध एवं रोजगार परक विषयों पर फोकस

# एसजीजीयू ने शासन को भेजा शिक्षण विभाग का विस्तार करने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय का स्थानांतरण होने के बाद संत गहिरा गुरू विवि प्रबंधन शैक्षणिक विभाग के विस्तार को लेकर पहल प्रारंभ कर दी है। विवि प्रबंधन ने इसके लिए शासन को 24 विषयों की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति मांगी है।

**खास बात**

- नए पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने मांगी अनुमति

किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान उसके शोध कार्यो एवं शैक्षणिक गतिविधियों से बनती है। एसजीजीयू द्वारा प्रारंभ से ही विभिन्न शैक्षणिक विभागों का संचालन किया जा रहा है लेकिन शैक्षणिक विभाग अभी तक अपनी खास पहचान नहीं बना सके है। इसके पीछे एक बड़ा कारण विवि के पास मूलभूत सुविधाओं की कमी को भी माना जा रहा है। एसजीजीयू द्वारा संचालित शैक्षणिक विभागों को अब तक अना भवन उपलब्ध नहीं हो सका है। सभी शैक्षणिक विभाग उधार के भवन में संचालित हो रहे है। एक-एक कमरे में विभागों का संचालन होने के कारण अब तक शैक्षणिक वातावरण तक का निर्माण नहीं हो सका है। भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय का स्थानांतरण होने के बाद विवि प्रबंधन परिसर के निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके भवनों को शैक्षणिक विभागों का स्थानांतरण करने की तैयारियां कर रहा है। एक परिसर में सभी प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विभागों का संचालन होने से प्रशासनिक शैक्षिक गतिविधियों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से यह बदलाव करने की योजना है। विवि प्रबंधन ने पिछले साल 24 विषयों की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति मांगी थी लेकिन शासन ने इसकी स्वीकृति प्रदान नहीं की इस बार विवि प्रबंधन ने अपने प्रस्ताव में रोजगार एवं शोध परक पाठ्यक्रमों के साथ ही परम्परागत कला विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के पाठयकों को शामिल किया है। इन विशेष पाठ्यक्रमों को सरगुजांचल के युवाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



एसजीजीयू का प्रशासनिक कार्यालय।

### इन पाठ्यक्रमों पर फोकस

विवि प्रबंधन ने शासन को विभिन्न 24 पाठ्यक्रमों की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति मांगी है लेकिन प्रबंधन का फोकस विभिन्न सात पाठ्यक्रमों पर है। इन पाठ्यक्रमों में रूरल टेक्नालॉजी, भगवान बिरसा मुंडा ट्राइवल रिसर्च सेंटर, आर्यावर्त संस्कृति संग्रहालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रोबोटिक साइंस, ललित कला, एमए हिन्दी स्टडीज एवं वेदांता तथा एमबीए का पाठ्यक्रम शामिल है। कुल सचिव ने बताया कि रूरल टेक्नालॉजी के तहत 6 महीने के विभिन्न 40 डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करने की योजना है जिसके तहत युवाओं को वर्मी कम्पोस्ट, मुर्गी पालन, ट्रैक्टर मैकेनिक, ड्रोन संचालन सहित अन्य तहत के रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे। तकनीकी पाठ्यक्रम युवाओं को उनके गांव में भी रोजगार उपलब्ध कराने में मद्दगार होंगे। भगवान बिरसा मुंडा ट्राइबल रिसर्च सेंटर के माध्यम से आदिवासी संस्कृति, प्रचलित चिकित्सा पद्धति सहित अन्य संबंधित विषयों का अध्ययन एवं शोध किया जाएगा। इसी तरह आर्यावर्त सांस्कृतिक संग्रहालय एवं शोध केंद्र के माध्यम से भारतीय धर्म- संस्कृति एवं उसकी वैज्ञानिकता से संबंधित अध्ययन एवं शोध कार्य किए जाएंगे। इसी तरह रोबोटिक साइंस, ललित कला, एमए स्टडीज इन हिन्दी एण्ड बेंदात व एमबीए सरगुजा के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।

### विवि के समक्ष कई चुनौतियां

एसजीजीयू के समक्ष कई चुनौतियां भी है। विवि प्रबंधन पिछले तीन सालों से अधूरे भवनों के लिए राशि मिलने का इंतजार कर रहा है। नए पाठ्यक्रमों की मंजूरी मिल जाती है तो इन विभागों के लिए भवन सहित अन्य संसाधनों को जुटाना आसान नहीं होगा। अधिकारियों का कहना है कि राशि के लिए विवि प्रबंधन केंद्र सरकार एवं निजी संस्थाओं से संपर्क कर रहा है। केन्द्र शासन एवं निजी संस्थानों से इन शैक्षिक गतिविधियों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध होने को लेकर अधिकारी आश्वस्त है।

### नहीं होगी समस्या

शासन को प्रस्ताव भेज कर अनुमति मांगी गई है। विवि को इन महत्वपूर्ण पाठ्यक्रमों के संचालन में कोई समस्या नहीं होगी। राशि के लिए केन्द्र शासन के साथ ही देश विदेश के निजी संस्थाओं से संपर्क किया जा रहा है।

-डॉ. एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव एसजीजीयू



तस्करों द्वारा काटे गए पेड़।

## नेशनल पार्क के जंगल में तस्करों ने काट डाले विशाल 30 पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

गुरू घासी दास टाइगर रिजर्व अंर्गत पार्क परिक्षेत्र रिहंद के सीमावर्ती जंगलों में एक बार फिर लकड़ी तस्करों की सक्रियता बढ़ गई है। तस्करों ने एक सप्ताह के भीतर बैजनपाट के बरपानी एवं जखमीखाड़ी के जंगल में 30 से अधिक महुआ एवं साल के विशाल पेड़ों को काट दिया है।

मध्यप्रदेश के सीमावर्ती बैढ़न जिला में इमारती लकड़ी की भारी मांग होने एवं अवैध चिरान की अच्छी कीमत मिलने के कारण तस्कर बेखौफ होकर टाइगर रिजर्व के जंगलों से अवैध कटई कर रहे हैं। वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए अधिकारियों के साथ ही बडी संख्या में कर्मचारियों को पदस्थ किया गया है। शासन के निर्देश पर पार्क प्रबंधन द्वारा वनकर्मियों को नियमित सर्चिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जंगल की सर्चिंग तो दूर कर्मचारी वन क्षेत्र में यदा-कदा ही पहुंचते हैं तथा बैठे-बैठे सर्चिंग की खानापूर्ति करते हैं। बड़ी संख्या में पेड़ों की अवैध कटाई तक की सूचना अधिकारी-कर्मचारियों को नहीं है। ग्रामीणों द्वारा अवैध कटाई होने की सूचना देने के बावजूद स्थिति का जायजा लेने स्थल पर कोई वनकर्मी नहीं पहुंचा है। पार्क परिक्षेत्र रिहन्द में पेड़ों की अवैध कटाई की यह पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है।

- अवैध कटाई एवं तस्करी रोकने नहीं हो रही कोई पहल

ग्रामीणों का कहना है कि लकडी तस्करों की शह पर क्षेत्र के कुछ पेशेवर ग्रामीण हरे पेड़ों को काटते हैं तथा टांगी की मदद से जंगल में ही 3 इंच चौड़ी एवं 4 इंच मोटी सिल्ली बना देते हैं। तस्कर 5-6 सौ रूपए में इस सिल्ली को खरीद कर जंगल के रास्ते बैढ़न के सीमावर्ती गांव धरीमुड़ी तक पहुंचाते हैं जहां पूर्व से ही खरीददार मौजूद रहते हैं। ग्राम धरीमुड़ी में लकड़ी की सिल्ली 16-17 सौ रूपए में हाथों हाथ बिक जाती है। तस्कर बाइक की मदद से मकरादुआरी बैरियर के रास्ते भी आएदिन अवैध चिरान की तस्करी करते पाए गए हैं। नेशनल पार्क क्षेत्र में बडे पैमाने पर हो रही अवैध कटाई एवं लकड़ी तस्करी को लेकर विभाग द्वारा अब तक कोई भी कारगर पहल नहीं की गई है जिससे सामान्य जंगलों की तरह टाइगर रिजर्व के वनों का अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। संरक्षित जंगल में बेखौफ चल रही अवैध कटाई को लेकर क्षेत्रवासी विभाग के कर्मचारियों के संलिप्त होने का आरोप लगाते रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मकरादुआरी बैरियर पर पार्क प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन कर्मचारियों को इसी रास्ते हो रही लकडी तस्करी की सूचना कभी भी नहीं मिल पाती।

इस संबंध में परिक्षेत्राधिकारी जितेन्द्र चन्द्रवंशी ने बताया कि अवैध कटाई की जांच कराई जा रही है।



### सुअर का अवैध शिकार करने वाले तीन आरोपियों की जमानत निरस्त

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र धमनी अंतर्गत झारा जंगल में सुअर का अवैध शिकार कर मांस का विक्रय करने एवं पकाकर खाने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों की जमानत अर्जी को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मामले में अभी भी कुछ आरोपी फरार हैं जिन्हें तलाशा जा रहा है। वन परिक्षेत्र धमनी अंतर्गत उपपरिक्षेत्र सनावल के झाल जंगल में 16 दिसंबर 2025 को ग्राम त्रिशुली निवासी कुछ ग्रामीणों ने फंदा लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया था। सुअर का शिकार करने के बाद आरोपियों ने सुअर के टुकड़े-टुकड़े कर कुछ प्रभावशाली लोगों को मांस का विक्रय किया था साथ ही पकाकर स्वयं भी खाया था। सूचना पर मामले में परिक्षेत्राधिकारी ने वन अधिनियम 1972 की धारा 9,50,51,52 एवं 39 के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। मामले में वन अमले ने ग्राम त्रिशुली निवासी अरूण आ. शिवनारायण, सुनील आ. राजकेश्वर, जितेन्द्र आ. रामकुमार एवं जयपाल आ. भुनेश्वर को गिरफ्तार कर 19 दिसम्बर को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था। आरोपियों की जमानत के लिए परिजन ने रामानुजगंज न्यायालय में अर्जी लगाई थी। मामले की सुनवाई 2 जनवरी को हुई। परिक्षेत्र सहायक के रिमाण्ड आवेदन पर न्यायालय ने आरोपियों की जमानत निरस्त कर दी। वन परिक्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने बताया कि मामले के अन्य आरोपी फरार हैं जिन्हें गिरफ्तार करने विभाग की अलग-अलग टीमों को रवाना किया गया है।

## आमगांव कोयला खदान विस्तार के लिए हुए भूमि अधिग्रहण के दौरान भाई-बहन को मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत आमगांव खदान विस्तार के लिए ग्राम पटना की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अब भी जारी है,खदान विस्तार हेतु भू विस्थापितों को कोल इंडिया की पुनर्वास नीति के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

- तीन साल की ड्यूटी के बाद मिला प्रमोशन

इसी क्रम में ग्राम पटना की भूमि सबसे पहले खदान को देने वाले 22 भू-स्वामियों को अप्रैल 2022 में कैटेगरी मजदूर के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई थी जिसमें पटना निवासी सगे भाई-बहन भीमराव सिंह एवं भगवती देवी दोनों पिता स्व.आनंद राम भी शामिल रहे,तीन वर्षों तक कैटेगरी मजदूर के पद पर कार्य करने के उपरांत दोनों ने हाल ही में विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर क्लर्क ग्रेड-III की पात्रता प्राप्त कर ली है,परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भीमराव सिंह को कुसमुंडा से रायगढ़ क्षेत्र तथा उनकी बहन भगवती देवी को बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थापना मिली है। भीमराव सिंह ने बताया कि उन्होंने समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर (एमए) तथा उनकी बहन भगवती देवी ने बीएससी उत्तीर्ण किया है,शनिवार को दोनों भाई-बहन ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह एवं महाप्रबंधक (संचालन) जीके रॉय से मुलाकात की,अधिकारियों ने इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए दोनों को निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की सलाह दी। महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि तीन वर्षों की ड्यूटी में भाई-बहन को प्रमोशन मिलना कंपनी की पारदर्शी कार्यप्रणाली और बेहतर नीतियों का प्रमाण है। महाप्रबंधक से मुलाकात के दौरान क्षेत्रीय सर्वेक्षण अधिकारी वीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक के निज सहायक अजित नायर इस दौरान उपस्थित थे।



### भैयाथान तहसील का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**भैयाथान।** कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा शनिवार को भैयाथान तहसील का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई प्रक्रिया की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। भटगांव विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के अंतर्गत आने वाली तहसील भैयाथान में कुल 44 नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलाया गया था। इनमें से 25 मतदाताओं की सुनवाई पूरी की गई। शेष मतदाताओं की सुनवाई के लिए 5 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। सुनवाई में संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ भी उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान प्राप्त दस्तावेजों के परीक्षण के लिए संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया गया है। नो-मैपिंग मतदाताओं के मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान एसआईआर समीक्षा की और उपस्थित संबंधितों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## जमदेई गांव में सजायाफ्ता ग्रामीण की धारदार हथियार से हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमदेई निवासी ग्रामीण जिसने अपने ही परिवार के तीन सदस्यों की 17 वर्ष पूर्व निर्मम हत्या कर दी थी,उस सजायाप्ता रामजतन पनिका नामक ग्रामीण की धारदार हथियार से हुई नृशन्स हत्या की गुत्थी 20 दिन बाद भी अब तक जयनगर पुलिस सुलझा नहीं पाई है। मामले में जयनगर पुलिस अब भी जांच जारी होने की बात कह रही है।

- घटना के 20 दिन बाद भी मामले का नहीं हो सका खुलासा
- गांव स्थित घर के नजदीक जमीन पर निर्माण कराने को लेकर कुछ लोगों से चल रहा था विवाद

उल्लेखनीय है कि 14 दिसंबर को ग्राम जमदेई निवासी 52 वर्षीय रामजतन पनिका की उसके घर के बाहर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी थी, हत्या होने की सूचना मिलते ही एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैकरा एवं जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल फॉरेंसिक टीम एवं सर्च डॉग के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया,पुलिस के अनुसार रामजतन के सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से किए गए गहरे वार के निशान पाए गए,शव का पंचनामा व कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम कराया गया,इसके बाद संदेह के आधार पर कुछ युवकों को पूछताछ के लिए थाना तलब कर बयान भी लिया गया। किंतु अब तक पुलिस किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है।

बताया जाता है कि मृतक ने करीब 17 वर्ष पूर्व अपनी मां,पत्नी और बेटी की एक साथ हत्या कर दी थी, जिसके बाद वह जेल में सजा काट चुका था,जेल से रिहा होने के बाद वह पिछले तीन वर्षों से अकेला रह रहा था,इसके अलावा गाँव के कुछ और लोगों के साथ उसका जमीन में निर्माण कराने को लेकर विवाद भी चल रहा था।

इस संबंध में एसडीओपी अभिषेक पैकरा ने बताया कि पुलिस हत्यारों की पतासाजी में जुटी हुई है,जमीन विवाद समेत अन्य संभावित दृष्टिकोण से भी मामले की जांच की जा रही है,उन्होंने शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी किये जाने की बात कही है।

## पेड़ से गिरे ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** मवेशियों के लिए पेड़ से पत्ता तोड़ रहा ग्रामीण पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम गणेश मोड़ भवानीपुर के महकेपी निवासी प्रसन यादव आ. रामधनी यादव (52 वर्ष) शुक्रवार को गांव के समीप जोबला जंगल में मवेशियों के लिए पत्ता तोड़ने गया था। ग्रामीण पेड़ पर चढ़कर पत्ता तोड़ने लगा तभी पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया। इधर घटना को देखा पास ही मवेशी चला रहे एक ग्रामीण ने घटना की जानकारी उसके परिजन को दी। परिजन घायल को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान देर रात लगभग 1 बजे मौत हो गई।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त विद्युत पोल रखकर दिया एनएच 130 जाम

**अंबिकापुर।** शुक्रवार की रात एनएच 130 पर ग्राम शिवनगर में सड़क किनारे मौजूद 11 केव्ही के हाईटेंशन विद्युत पोल को तेज रफ्तार कोयला लोड हाइवा ने टक्कर मार दिया था जिंससे पोल टूटकर जमीन पर गिर गया और पूरे गांव में विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। लाईट गोल होने पर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को सूचना दी लेकिन सुधार कार्य नहीं हुआ। ऐसे में शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने एनएच 130 पर फिर से विद्युत पोल को रखकर विरोध स्वरुप एनएच जाम कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 के जाम होने से आवागमन प्रभावित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। इस दौरान जाम से एनएच पर यात्री बसें व अन्य छोटे वाहन भी घंटों फंसे रहे और लोग परेशान होते रहे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुची तारा चौकी पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश देकर मामला शांत कराया और विद्युत पोल को हटवाने के बाद सुबह लगभग 9.30 बजे जाम खुलवाया। इसके साथ ही विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत का काम शुरू किया हालांकि शिवनगर क्षेत्र में शुक्रवार की रात से विद्युत आपूर्त पूर्ण रूप से बाधित होने से क्षेत्र के लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा और समाचार लिखे जाने तक शनिवार की रात 8.35 बजे तक भी गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी।



इस संबंध में तारा चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने बताया कि पोल टूटने के बाद विद्युत सुधार नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने पोल को सड़क पर रख दिया था जिसे हटवाया गया। विद्युत विभाग द्वारा सुधार का कार्य किया जा रहा है।

## महानदी पुल से मुक्तिधाम तक फैली गंदगी से ग्रामीणों में आक्रोश, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

महानदी पुल से मुक्तिधाम घाट तक फैली गंदगी को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने साफ-सफाई किए जाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे मार्ग पर कूड़ा-करकट के साथ-साथ मुर्गी और मछली के अवशेष, पंख तथा अन्य अपशिष्ट बड़ी मात्रा में फेंके जा रहे हैं। इससे न केवल आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि लोगों को आने-जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य सड़क पर संचालित मुर्गा एवं मछली दुकानदारों द्वारा खुलेआम गंदगी फैलाई जा रही है। मुर्गा और मछली काटने के बाद बचा हुआ गंदा पानी सीधे मुख्य सड़क पर बहा दिया जाता है, जिससे बदबू फैलती है और सड़क पर



कई जगह कीचड़ हो जाता है। ऐसे में विशेष कर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामवासियों ने महानदी पुल से लेकर मुक्तिधाम घाट तक तत्काल साफ-सफाई कराई जाए तथा संबंधित दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी गंदगी न फैले, इसके लिए स्थायी व्यवस्था किए जाने की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौपने के दौरान विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप, सरपंच अमिता पन्ना, उप सरपंच संजय बरगाह, जयप्रकाश यादव, राकेश गुप्ता, बबलू, ओम प्रकाश शास्त्री, सत्यनारायण अग्रवाल, सतनारायण गुप्ता, प्रेम नाथ गिरी, पांडव यादव, भोला राम यादव, निखिल, ऋतिक, क्रांतिकेश, आशीर्वाद पाठक सहित अन्य मौजूद रहे।



# कुश्तीबाजी दिखाने आ रही 'चथा पचा', पोस्टर जारी...

**मुंबई।** निर्देशक अध्वैथ नायर की बहुप्रतीक्षित एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'चथा पचा' का इंतजार खत्म होने वाला है। निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फिल्म का निर्माण रील वर्ल्ड एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है, जिसे मलयालम भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु में रिलीज किया जाएगा। अर्जुन अशोकन, रोशन मैथ्यू और विशाक नायर अभिनीत 'चथा पचा' के हिंदी वर्जन की जिम्मेदारी करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन ने उठाई है। 'चथा पचा' की कहानी, केरल की कुश्ती संस्कृति पर आधारित है, जिसके संगीत की जिम्मेदारी दिग्गज तिकड़ी शंकर, एहसान, लॉय ने संभाली है।

लाइफ Style

# मलविका

## 'सालार' को लेकर किया खुलासा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सुपरस्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में छाए हैं। इसमें उन्हें हॉरर के साथ रोमांस का तड़का लगाते हुए भी देखा जाएगा। अभिनेत्री मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

साउथ सुपरस्टार प्रभास अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में छाए हैं। इसमें उन्हें हॉरर के साथ रोमांस का तड़का लगाते हुए भी देखा जाएगा। अभिनेत्री मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म प्रमोशन के दौरान मालविका ने एक दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने बताया कि प्रभास के साथ उनकी पहली फिल्म 'सालार' हो सकती थी। बता दें कि प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म में श्रुति हासन नजर आई थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, मालविका ने बातचीत में बताया कि उनकी पहली तेलुगु फिल्म 'सालार' होती, क्योंकि निर्देशक ने उनसे संपर्क किया था। उन्होंने कहा, 'मास्टर' की रिलीज के बाद मुझे फोन आया कि प्रशांत, प्रभास संग एक फिल्म बना रहे हैं और मुझसे मिलना चाहते हैं। मैं उनसे मिली और सबकुछ ठीक रहा, लेकिन किसी कारणवश बात नहीं बनी। अब 'द राजा साब' के साथ ऐसा मुमकिन हुआ है और मैं प्रभास सर के साथ काम कर रही हूं। 'द राजा साहब' में मालविका, 'भैरवी' नाम का एक किरदार निभाती हुए दिखाई देंगी। उन्होंने इस बारे में बात करते हुए कहा, मारुति सर ने मुझे बताया है कि दर्शक मुझे फिल्म में कई अवतारों में देखेंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# नूपुर और स्टेबिन ने की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** नूपुर सानोन ने सिंगर स्टेबिन बेन से अपनी सगाई की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है। यह खबर इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें तस्वीरें दिखाई गईं। कई फोटो में वह अपनी खूबसूरत सगाई की अंगूठी को प्राउडली फ्लॉन्ट कर रही हैं। ये ड्रीमी प्रपोजल एक खूबसूरत से व्यू के साथ याच में हुआ, जिसने इस मौके को किसी परी कथा जैसा बना दिया। वहां 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' लिखा हुआ एक बड़ा सा होर्डिंग लगा था, जो पूरे माहौल को रोमांटिक फिल्म के सीन जैसा बना रहा था।



# उत्पीड़न के आरोपों को विल ने बताया झूठा और बेबुनियाद

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के चर्चित एक्टर विल स्मिथ पर ब्रायन किंग जोसेफ नाम के वायलिन प्लेयर ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर सनसनी फैला दी है। अब इस मामले पर विल स्मिथ ने भी चुप्पी तोड़ी है। वह वायलन प्लेयर के आरोपों को झूठा बता रहे हैं। विल स्मिथ के वकील एलेन ग्रोडस्की ने एक्टर पर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। वह इन आरोपों को झूठा और गैर-जिम्मेदाराना बताते हैं। वकील ने यह भी कहा कि विल स्मिथ इन आरोपों का कानूनी तरीके से जवाब देंगे। एक्टर इस मामले की पूरी सच्चाई सामने लाएंगे। ब्रायन किंग जोसेफ ने 'बेस्ड ऑन अ ट्रू स्टोरी 2025' टूर के दौरान स्मिथ के साथ परफॉर्मेंस दी थी। उन्होंने हाल ही में लॉस एंजिल्स की एक अदालत में अभिनेता और उनकी मैनेजमेंट फर्म ट्रेबॉल स्टूडियोज मैनेजमेंट के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।




# 'टॉक्सिक' में पहली बार देखेंगे ऐसा रूप

**मुंबई।** फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। फिल्म के कलाकारों की एक के बाद एक झलकियों ने इस उत्साह को और भी बढ़ा दिया है। अब तारा सुतारिया का दमदार और अनोखा लुक सामने आया है, जिससे इस फिल्म की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। इस नए पोस्टर में तारा एक अनदेखे अवतार में नजर आ रही हैं और इसी के साथ फैंस के लिए 19 मार्च की रिलीज का इंतजार और तेज हो गया है। फिल्म 'टॉक्सिक' की दुनिया बहुत गहरी और रहस्यमयी है, जिसमें चार चांद लगो आ रही हैं तारा उर्फ रेबेका। रेबेका एक आकर्षक, शक्तिशाली और खतरनाक लड़की है, जो खुद की सुरक्षा करना जानती है और अपने फैसलों में सशक्त है। इस फिल्म के जरिए तारा अपनी प्यारी वाली छवि छोड़ एक कठिन, खतरनाक और रहस्यमयी दुनिया में कदम रख रही हैं।



# टाइगर के साथ करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू

**मुंबई।** अभिनेत्री कृति शेट्टी दक्षिण सिनेमा में पहचान की मोहताज नहीं हैं। फिलहाल तो वह अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खबरों में बनी हैं। ऐसी चर्चा है कि अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने 'मस्ती 4' के निर्देशक मिलाप जावेरी से हाथ मिलाया है। दोनों एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए साथ आए हैं, जिसे टी-सीरीज प्रोड्यूस करेगा। इस फिल्म के लिए कृति का नाम सामने आया है। इन खबरों पर अभिनेत्री ने खुद प्रतिक्रिया दी और बॉलीवुड डेब्यू को लेकर बात की है। रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर और मिलाप की फिल्म के लिए कृति से संपर्क तो किया गया, लेकिन अनुबंध पर हस्ताक्षर अभी नहीं किए गए हैं। जब अभिनेत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे कुछ प्रस्ताव तो मिले थे, लेकिन कभी-कभी तारीखें मेल नहीं खाती थीं और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का काम करने का तरीका बहुत अलग है।

## टीवी मसाला



# नए साल में तहलका मचाने आ रहे कई रियलिटी शो...

**मुंबई।** नए साल में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी की दुनिया तैयार है। कई भारतीय रियलिटी शो आने के लिए कमर कस चुके हैं। इनमें से कुछ शोज ऐसे हैं, जो पिछले कई साल से लोगों का प्यार बटोरते आ रहे हैं। एक नाम अक्षय कुमार का भी है। 'खतरों के खिलाड़ी' के कुछ सीजन करने के बाद अभिनेता फिर टीवी की दुनिया पर राज करने लौट रहे हैं। आइए, जानते हैं इन आगामी रियलिटी शो के बारे में।

### 'मास्टरशेफ इंडिया 9' और 'शार्क टैंक इंडिया 5'

सोनी लिव का लोकप्रिय कुकरी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' 9वें सीजन के साथ लौट रहा है। 5 जनवरी, 2026 से इस शो का प्रसारण किया जाएगा। दिलचस्प बात ये है कि नए सीजन में मशहूर शेफ की तिकड़ी यानी शेफ रणवीर बरार, विकास खन्ना और कुणाल कपूर एक साथ आ रहे हैं। कम समय में सबसे जल्दी चर्चित होने वाला रियलिटी शो 'शार्क टैंक इंडिया' अपने 5वें सीजन के साथ दस्तक दे रहा है। यह भी 5 जनवरी से शुरू होगा।

### 'स्प्लिट्सविला 16' और 'द 50'

सनी लियोनी और करण कुंद्रा का रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला' कई साल से लोगों का पसंदीदा बना हुआ है। अब यह शो अपने 16वें सीजन के साथ लौट रहा है। इसे 9 जनवरी, 2026 से जियो हॉटस्टार और एमटीवी पर टेलीकास्ट किया जाएगा। दूसरी तरफ जियो हॉटस्टार पर नया रियलिटी शो 'द 50' दस्तक देने को तैयार है। निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं किया है, लेकिन अटकलें हैं कि यह फ्रेंच सीरीज 'लेस सिंकुआंटे' पर आधारित होगा।

### 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' और 'खतरों के खिलाड़ी 15'

'खिलाड़ी कुमार' नाम से मशहूर, अक्षय को प्रशंसक नए रियलिटी शो में देखेंगे, जिसका नाम 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' है। सोनी लिव पर आने वाले इस शो की स्ट्रीमिंग तारीख अभी नहीं आई है। इसकी थीम हैंगमैन खेल पर आधारित होगी। रोहित शेट्टी का लोकप्रिय स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' इस साल 2026 में लौट रहा है। पिछले साल शो का प्रसारण न होने से लोगों का दिल टूट गया था। हालांकि, इस बार यह शो वापसी को तैयार है।

# 'धुरंधर' वाला पैंतरा अपनाने चले शाहरुख और भंसाली

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' का असर सिर्फ दर्शकों पर नहीं, बल्कि फिल्म निर्माताओं पर भी दिख रहा है। इसके सीक्वल 'धुरंधर 2' (19 मार्च) को देखते हुए कई फिल्मों की रिलीज तारीख बदलने की भी चर्चा है। अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' और 'आवारापन 2' की रिलीज (अप्रैल, 2026) तारीख बदली जा सकती है, वहीं कुछ फिल्म निर्माता 'धुरंधर' के 'सीक्वल' वाला पैंतरा अपनाने की सोच रहे हैं। इसमें बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' और 'लव एंड वार' शामिल है।



***2 किस्तों में रिलीज हो सकती है 'किंग' :*** शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' का निर्माण जोर-शोर से चल रहा है। निर्माता इसमें कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। कुछ ऐसी ही अपेक्षाएं संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वार' से हैं, जिसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्र ने बताया है कि दोनों ही फिल्मों को 2 भागों में बांटकर 6 महीने से कम के अंतराल में रिलीज करने पर विचार किया जा रहा है।

***2027 तक रिलीज किए जाने की योजना :*** सूत्र ने आगे बताया कि 'लव एंड वॉर' अगस्त, 2026 और जनवरी, 2027 में रिलीज हो सकती है, वहीं 'किंग' सितंबर, 2026 और मार्च, 2027 में रिलीज करने पर विचार चल रहा है। हालांकि, ऐसा तभी होगा, जब दोनों दिग्गजों के पास अपनी-अपनी फिल्मों को 2 भागों में दिखाने के लिए पर्याप्त फुटेज होंगे। कुछ फिल्म निर्माता 'सीक्वल' वाले फॉर्मूले को अपनाने के लिए लंबी-लंबी स्क्रिप्ट भी लिख रहे हैं। खैर इन अटकलों पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# बीते साल चला साउथ के इन सितारों का सिक्का, मिलकर लूटे 2,200 करोड़

***मुंबई।** बीते साल आई साउथ की कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाल मचाया। साउथ के सितारों की इन फिल्मों ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि कमाई के मामले में भी नए रिकॉर्ड बनाए। इन सभी सितारों ने मिलकर बॉक्स ऑफिस पर करीब 2,200 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया। आइए जानें कौन हैं दक्षिण भारतीय सिनेमा के वो सितारे या कौन-सी हैं वो फिल्में, जिन्होंने 2025 में बॉक्स ऑफिस पर धमाका किया।*

***ऋषभ शेट्टी (कांतारा: चैप्टर 1)*** - ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' ने 2025 में बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। गांव की लोककथाओं, रहस्यमय वनों और परंपराओं पर आधारित इस फिल्म ने अपने दमदार एक्शन, विजुअल्स और कहानी के जरिए साउथ बॉक्स ऑफिस पर खूब राज किया। रिलीज होते ही फिल्म दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गई और देखते ही देखते ब्लॉकबस्टर बन गई। नेटफ्लिक्स पर मौजूद 30 करोड़ के बजट में फिल्म ने दुनियाभर में 900 करोड़ रुपये कमाए थे।



***कल्याणी प्रियदर्शन (लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा)*** - 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' 2025 की बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनकर उभरी, जिसकी नायिका कल्याणी प्रियदर्शन थीं। इस मलयालम भाषा की सुपरहीरो थ्रिलर फिल्म का निर्देशन डोमिनिक अरुण ने किया था और इस पर पैसे दुलकर सलमान ने लगाए थे। फिल्म ने 28 अगस्त, 2025 को रिलीज होते ही टिकट खिड़की पर तहलका मचा दिया था। 30 करोड़ रुपये इस फिल्म को बनाने में खर्च हुए थे और इसकी कमाई थी 300 करोड़ रुपये।



***रजनीकांत (कुली) :*** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' ने भी खूब धमाल मचाया था। फिल्म में रजनीकांत एक दमदार और प्रभावशाली किरदार में नजर आए थे, जिसे उनके प्रशंसकों ने खूब सराहा। एक्शन, स्टाइल और सुपरस्टार रजनीकांत की करिश्माई मौजूदगी ने फिल्म को खास बना दिया। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रुति हासन और नागार्जुन अक्किनेनी भी थे। 350 करोड़ के बजट वाली 'कुली' ने 514 करोड़ रुपये कमाए थे।



***वेंकटेश दग्गुबाती (संक्रांतिकी वस्थूनम), मोहनलाल (L2: एम्पुरान) :*** वेंकटेश दग्गुबाती की फिल्म 'संक्रांतिकी वस्थूनम' ने संक्रांति के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म में वेंकटेश ने सबका दिल जीत लिया, वहीं इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म की कहानी भी दर्शकों को बेहद पसंद आई।



## आप शुरू से लेकर अंत तक इस सफर का अहम हिस्सा रहे हैं

# 'केबीसी 17': अमिताभ की आंखें नम, बोले- ये तालियां कल किसी और के लिए बजेंगी

***मुंबई।** टीवी के सबसे लोकप्रिय शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन अपने भव्य फिनाले के साथ यादगार एहसासों के बीच समाप्त हो चुका है। फिनाले के अंत में बॉलीवुड के शहंशाह और इस शो के होस्ट अमिताभ बच्चन भावुक हो गए। करीब 2 दशकों से इस शो का चेहरा बने अमिताभ ने दर्शकों के साथ अपने गहरे जुड़ाव और यादगार पलों को याद किया। उनकी विदाई ने न केवल टीवी पर दर्शकों, बल्कि उनके लाखों-करोड़ों फैंस को भावुक कर दिया।*



### ये विदाई नहीं, जुदाई है

अमिताभ ने जब विदाई पर बात करनी शुरू की तो उनकी आवाज भर्राई हुई थी और आंखों में नमी साफ दिखाई दे रही थी। उनके शब्दों ने करोड़ों दर्शकों के दिलों को छू लिया। उन्होंने भारी आवाज में कहा, देवियों और सज्जनों, अब ये दौर समाप्त होता है। वैसे तो शो के कई दौर शुरू होते हैं और खत्म हो जाते हैं, लेकिन हमारे इस मंच पर शो की विदाई नहीं, बल्कि जुदाई होती है।

### अमिताभ को मिला स्टैंडिंग ओवेशन

प्रतियोगियों के संघर्ष और शो के ऐतिहासिक पलों का वीडियो देख अमिताभ की आंखें भर आईं। वीडियो खत्म हुआ, जोरदार तालियों से अमिताभ को 'स्टैंडिंग ओवेशन' दिया गया। बिग बी ने सबका धन्यवाद कर कहा, इन यादों और मुस्कुराहटों के बीच अब विदा लेने का समय आ गया है। विदाई के वक्त अक्सर शब्द कम पड़ जाते हैं और जब शब्द कम पड़ें तो संगीत का सहारा लेना चाहिए, क्योंकि संगीत के सुर सीधे दिल के तारों को जोड़ते हैं।

### बिग बी का भावुक अलविदा

अमिताभ के इन शब्दों ने सबको भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि 'केबीसी' सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि उम्मीद और रिश्तों का सफर है। इस सफर के खत्म होने के साथ पीछे छूट गईं अनगिनत कहानियां और सपने, जिन्होंने देशभर के लोगों को प्रेरित किया।

### जब मैं रोया, आप भी मेरे साथ रोए

अमिताभ ने दर्शकों से कहा, कभी-कभी हम किसी पल को इतना जीते हैं कि जब वो खत्म होता है तो लगता है जैसे अभी शुरू ही हुआ था। अपनी जिंदगी का एक तिहाई से भी ज्यादा समय आप सभी के साथ बिताना उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। बिग बी बोले, जब भी मैं हंसा, आप मेरे साथ हंसे, जब मैं रोया, आप भी मेरे साथ रोए। आप शुरू से लेकर अंत तक इस सफर का अहम हिस्सा रहे हैं।

### ये हंसती-खेलती दुनिया अब कुछ महीनों के लिए खामोश हो जाएगी

बिग बी बोले, एक-एक कर शो में भाग लेने वाले प्रतियोगियों की कुर्सियां खाली होंगी, स्टूडियो के दर्शक अपने कदम सेट से बाहर रखेंगे। ये जगमगाती रोशनी कल किसी और के लिए सजाई जाएगी, तालियां भी किसी और के लिए बजेंगी। ये हंसती-खेलती दुनिया अब कुछ महीनों के लिए खामोश हो जाएगी, लेकिन इस विदाई के पल की मिठास और भावुकता हर किसी के दिल में हमेशा रह जाएगी।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों को व्याख्याता पदोन्नति लिए बीएड ब्रिज कोर्स की मांग



**बैकुण्ठपुर।** छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा, तथा छग के शिक्षा सचिव एससीईआरटी और लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर शिक्षकों की पदोन्नति के लिए एक महत्वपूर्ण मांग उठाई है। एसोसिएशन ने डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए विशेष बीएड ब्रिज कोर्स का प्रावधान बनाने और इसे शीघ्र आयोजित करने का आग्रह किया है। छग स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 के अनुसार व्याख्याता पदोन्नति के लिए बीएड, डीएड या समकक्ष योग्यता को पात्रता दी गई थी। हालांकि उच्चतम न्यायालय के हालिया निर्णय और एनसीटीई के प्रावधानों के कारण अब केवल बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को ही पदोन्नति मिल रही है। इस बदलाव के कारण हजारों डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित रह गए हैं, जिससे शिक्षकों में असंतोष और निराशा की स्थिति उत्पन्न हो गई है। नियमों को देखते हुए छह माह का बीएड ब्रिज कोर्स ही विकल्प है। जिला अध्यक्ष बीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि प्रदेश के हजारों शिक्षक प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्तर पर कार्यरत हैं। वर्तमान नियमों को देखते हुए 6 माह का विशेष बीएड ब्रिज कोर्स ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने शासन से एनसीटीई के नियमानुसार कोर्स का ढांचा तैयार कर शीघ्र प्रशिक्षण शुरू करने की मांग की है। जिला मिडिया प्रभारी चेतनारायण कश्यप ने शासन से आग्रह किया है कि शिक्षकों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बीएड ब्रिज कोर्स पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए, ताकि डीएड योग्यताधारी शिक्षकों को भी समान अवसर मिल सके।

### राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप में सुष्मिता ने जीता ब्रॉन्ज मैडल

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप में सरगुजा की खिलाड़ी सुष्मिता चौहान ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। सुष्मिता ने छत्तीसगढ़ की टीम से खेलते हुए जिले का नाम रौशन किया। बताया जा रहा है कि चंडीगढ़ में 28 से 30 दिसम्बर तक 9वीं सीनियर गतका चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने भी हिस्सा लिया। प्रदेश की टीम से सरगुजा की गतका खिलाडी सुष्मिता चौहान ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की, वहीं शिवरतन ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सुष्मिता चौहान का यह पदक उनके निरंतर अभ्यास और मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा जिले की खेल प्रतिभा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। सरगुजा गतका को-ऑर्डिनेटर रजत सिंह ने बताया कि गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में नियमित प्रशिक्षण के कारण जिले के खिलाड़ी लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर द गतका एसोसिएशन सरगुजा के सभी पदाधिकारियों ने सुष्मिता चौहान को ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर तथा शिवरतन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## निधन

### राजेन्द्र अग्रवाल



**मनेन्द्रगढ़।** शहर के निवासी राजेन्द्र अग्रवाल का रविवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार सोमवार 5 जनवरी को प्रयागराज में किया जाएगा। वे बालाजी मेडिकल स्टोर के संचालक विजय अग्रवाल के छोटे भाई थे।

## एक हजार का आंकड़ा भी नहीं हुआ पार

# पीएम सूर्यघर योजना में नहीं आ रही तेजी एक साल में 736 लोगों ने लगवाया प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में पीएम सूर्य घर योजना को लेकर चलाए गए अभियान में कोई खास सफलता मिलती नजर नहीं आ रही है। आलम यह है कि एक साल की अवधि में सरगुजा संभाग में योजना का लाभ लेने के लिए 4638 लोगो रजिस्ट्रेशन कराया लेकिन महज 736 हितग्राही ही इस योजना का लाभ ले पाए। एक साल में पीएम सूर्य घर योजना का आंकडा एक हजार भी पार नहीं कर पाया। इसके पीछे की मुख्य वजह जागरूकता की कमी और प्रचार प्रसार के आभाव को माना जा रहा है हालांकि अधिकारियों का कहना है कि योजना का लाभ लोगों को दिलाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

**खास बात**

- 46 सौ ने कराया है रजिस्ट्रेशन, अभी भी जागरूकता की कमी बड़ी चुनौती

बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा मध्यम और गरीब तबके के लोगों को महंगे बिजली बिल के झंझट से मुक्ति दिलाने के साथ ही बिजली विक्रेता बनाने के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर योजना की शुरुआत की गई है। कोल आधारित बिजली के विकल्प में शासन द्वारा सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन करने के उद्देश्य से इस योजना को लॉन्च किया गया क्यों कि कोल आधारित बिजली के कारण पर्यावरण का प्रदुषण होता है। यही वजह है कि सरकार सौर ऊर्जा पर ज्यादा जोर दे रही है लेकिन योजना को लेकर सरगुजा में कोई खासा असर देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसा इसलिए क्यों कि सरगुजा संभाग में अब तक सिर्फ 736 लोगों ने के साल की अवधि में सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाया है। आंकड़ों की बात की जाए तो सरगुजा संभाग में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या लगभग 8 लाख है और इनमें से इस योजना का लाभ लेने के लिए महज 4 हजार 6 सौ 38 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था लेकिन सूर्य घर योजना का प्लांट लगवाने वालों का आंकडा 1 हजार भी नहीं पहुंच पाया। अंबिकापुर सर्किल में 1887 लोगो ने आवेदन किया है जिनमे से 483 उपभोक्ताओं ने ही प्लांट लगवाया। इसी तरह बैकुंठपुर सर्किल में 1709 लोगो ने आवेदन किया है जिसमे 157 लोगो को ही इसका लाभ मिल सका है जबकि कुनकुरी सर्किल में 1040 लोगो ने आवेदन किया है जिसमे सिर्फ 96 को ही इसका लाभ मिल सका है जबकि एक साल पहले सरगुजा में 14 लोगों ने ही सोलर लगवाया था। इसके पीछे विभाग का कहना है कि ये योजना उपभोक्ता ओरिएंटेड है जिसके कारण उपभोक्ता को खुद रजिस्ट्रेशन करना होता है इसके अलावा एक मुश्त राशि देनी पड़ती है जिसके कारण लोग दिलचस्पी नही ले रहे है हालांकि विभाग का कहना है कि वेंडरों को निर्देशित कर प्रचार प्रसार और प्लांट की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है और आने वाले दिनों में इस बेहतर योजना से लोग लाभान्वित हो सकेंगे।



सूर्यघर योजना के तहत लगाया गया प्लांट।

### अधिकतम 1 लाख तक की सब्सिडी

बताया जा रहा है कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत हितग्राहियों को सब्सिडी भी प्रदान की जाती है और बैंक लोन की भी सुविधा है। अधिकारियों का कहना है कि एक किलोवॉट का पैनल लगवाने पर 45 हजार रुपए की सब्सिडी है जिसमें 30 हजार रुपए सेन्ट्रल और 15 हजार रुपए राज्य सरकार देती है। इसी तरह 2 किलोवॉट का पैनल लगवाने पर 90 हजार रुपए की सब्सिडी है जिसमें से 60 हजार रुपए केंद्र व 30 हजार रुपए राज्य सरकार देती है। वहीं 3 किलोवॉट का पैनल लगवाने 1 लाख 8 हजार तक कि सब्सिडी है जिसमें केंद्र सरकार 78 हजार रुपए व राज्य सरकार 30 हजार रुपए तक की सब्सिडी देती है। सोलर पैनल लेने के लिए बैंक से किफायती दरों पर लोन की व्यवस्था भी है।

### बेच सकते है बिजली

अधिकारियों का कहना है कि पीएम सूर्यघर योजना के तहत हितग्राही को स्वयं से ऑनलाइन आवेदन करना होता है और वर्तमान में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर में बिजली लेने- देन की व्यवस्था है। सोलर पैनल से प्रति किलोवॉट 4 यूनिट प्रतिदिन बिजली का उत्पादन होता है। इस हिसाब से प्रतिमाह सोलर पैनल से तीन से साढ़े तीन सौ यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी व्यक्ति की प्रतिमाह यदि 150 से 200 यूनिट तक ही बिजली खपत किया जाता है तो वह शेष बिजली को विद्युत विभाग को बेच सकता है और इसके बदले राशि उसके पास क्रेडिट हो जाएगी।

### कर रहे है प्रचार प्रसार

सूर्य घर योजना को लेकर प्रयास किए जा रहे है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ लें। वितरण केंद्र स्तर पर प्रचार प्रसार कर रहे है। जागरूकता अभियान के साथ ही शिविर भी लगाए जा रहे है। लोगों में जागरूकता आई है और लोग सोलर पैनल लगवा भी रहे है।

-आवेदन कुजूर
प्रभारी मुख्य अभियंता



# पटवारी करता था कोचियों के लिए रकबा में हेरफेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

किसानों के दस्तावेजों में कूटरचना कर अवैध धान खपाने के मामले में पुलिस ने अब एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किए गए कोचिया भाइयों के मोबाइल फोन से मिले सबूतों के बाद पटवारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पटवारी ही कोचियों को किसानों के दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रकबा बदलकर धान खपाने के लिए देता था। पुलिस द्वारा फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है।

- खपाता था अवैध धान
- पुलिस ने दो पटवारी समेत दो को किया गिरफ्तार

बता दें कि सनावल पुलिस ने यूपी का अवैध धान खपाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुर्लूडीह निवासी 35 वर्षीय श्याम सुन्दर गुप्ता आ. कृष्णकांत प्रसाद गुप्ता व शिवम गुप्ता आ. कृष्णकांत प्रसाद गुप्ता को धारा 3,7 ईसी एक्ट 1955 एवं बीएनएस की धारा 318(4), 3(5) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 400 बोरी अवैध धान, भारी मात्रा में किसानों के कूटरचित दस्तावेज कटा हुआ चेक, लेखा जोखा पर्ची, राशि जमा पर्ची, भरा हुआ विड्रॉल फार्म, जिला सहकारी बैंक से इंडियन बैंक सुपाचुवा (उप्र) का आरटीजीएस फार्म, तौल पर्ची, करीब 400 बोरी अवैध धान, चेक बुक 62 नग, किसान किताब भाग एक 46 नग, भाग- दो 59 नग, वन अधिकार पुस्तिका 2 नग, केसीसी पास बुक 19 नग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का पास बुक 161 नग, बड़ा डायरी 13 नग, पॉकेट डायरी 8 नग, कटा हुआ चेक 22 नग, डेली अटेंडेंस (बिना भरे हुये) जिला सहकारी बैंक का रजिस्टर 02 नग, विड्रॉल फार्म भरा हुआ 261 नग, सामान्य हिसाब किताब एवं बिल पर्ची 550 नग, विड्रॉल फॉर्म कोरा (बिना भरे हुये) 1 बंडल बैंक का जमा पर्ची एवं टोकन पर्ची 150 नग, धान खरीदी केन्द्र का तौल पर्ची 100 नग व नगदी बरामद किया था।

पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं जब पुलिस ने सरगना श्याम सुन्दर गुप्ता के मोबाइल फोन की जांच की तो उसमें से अहम सुराग मिले। पुलिस ने जांच के बाद पटवारी संजय सोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# लोगों में जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के निर्देश और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में सड़क यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली सिटी कोतवाली परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरी।

रैली के माध्यम से आम नागरिकों, दुपहिया वाहन, चार पहिया चालकों को यह संदेश दिया गया कि हेलमेट पहनना तथा सीट बेल्ट लगाना केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि जीवन सुरक्षा का सबसे प्रभावी साधन है। रैली के दौरान पुलिस कर्मियों ने स्कूली बच्चों के माध्यम से यातायात नियमों को पालन करें सुरक्षित रहें, आपकी सुरक्षा, आपकी जिम्मेदारी जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कई स्थानों पर वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट के महत्व के बारे में समझाया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक श्रीमती सिंह ने बताया कि वाहनों की चेकिंग कोई टास्क नहीं है, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा लोगों को जागरूक करने के लिए किया जाता है। अब आम नागरिक भी शहर के यातायात को व्यवस्थित करने में एप्प के माध्यम से अपना योगदान दे सकते हैं, शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-पुलिस की आम नागरिकों से अपील कि वे स्वयं हेलमेट पहनें और अपने परिवार के सदस्यों, विशेषकर युवाओं को भी इसके लिए प्रेरित करें, सीट बेल्ट पहन कर ही चार पहिया वाहन चलाए,शराब पी कर वाहन ना चलाए। पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत चिरमिरी में हेलमेट रैली



**डोमनहिल।** डोमनहिल-चिरमिरी क्षेत्र में पदभार ग्रहण करते ही अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने एवं बिना मापदंड वाहन संचालन पर लगातार की गई सख्त कार्रवाई का सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

बीते वर्ष एवं नववर्ष के दौरान क्षेत्र में कोई भी गंभीर सड़क दुर्घटना नहीं हुई। राष्टीय सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी के अंतर्गत चिरमिरी पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता लाने के उद्देश्य से हेलमेट रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और अपने जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई। हेलमेट रैली में क्षेत्र की सीएसपी दीपिका मिंज, महापौर रामनरेश राय, नगर निरीक्षक विजय सिंह, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, पत्रकार एवं पुलिस कर्मचारी हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल से शामिल हुए और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। रैली गोदरीपारा स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, हल्दीबाड़ी, डोमनहिल मुख्य मार्ग होते हुए थाना चिरमिरी पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर निरीक्षक विजय सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि अधिकांश मौतों का कारण सिर में लगने वाली गंभीर चोट होती है। उन्होंने कहा कि एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार को संकट में डाल सकती है, जबकि आईएसआई मानक का हेलमेट पहनने से दुर्घटना में जीवन बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की।

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में कथा, कविता संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में साहित्यिक चेतना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कथा-कविता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध साहित्यकार अनामिका चक्रवर्ती की नवीन कृति एक अरसे बाद का विमोचन रहा, जो गरिमामय एवं साहित्यिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी इंद्रा सेंगर ने की।

मुख्य वक्ता के रूप में सूरजपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ब्रजलाल साहू, कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ के प्राचार्य राम किंकर पाण्डेय तथा लेखिका अनामिका चक्रवर्ती मंचासीन रहे। कार्यक्रम का कुशल और प्रभावशाली संचालन वीरांगना श्रीवास्तव ने किया। अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि कथा और कविता मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे साहित्यिक आयोजन विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, विचारशीलता एवं रचनात्मक दृष्टि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेखिका अनामिका चक्रवर्ती ने अपनी पुस्तक के सृजन क्रम, विषय वस्तु और लेखन अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं को सतत अध्ययन और लेखन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान साहित्य, संवेदना और सृजनात्मक अभिव्यक्ति पर सार्थक संवाद हुआ। छात्राओं एवं उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने कथा और कविता के माध्यम से अपने विचार साझा किए तथा रचनात्मक लेखन की बारीकियों को निकट से समझने का अवसर प्राप्त किया। छात्राओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

# नपं नई लेदरी को मिला नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



नगर पंचायत नई लेदरी की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला है। वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद विकास दिवान को नगर पंचायत नई लेदरी का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पूर्व विधायक गुलाब कमरो और कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव की अनुशंसा पर की गई है, जिसे संगठन ने औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है।

नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद विकास दिवान ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, वरिष्ठ नेताओं और संगठन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है। उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत में जनता से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को मजबूती और तथ्यपूर्ण ढंग से रखा जाएगा। विकास दिवान ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं जैसे साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता, राशनकार्ड, गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य और अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा साथ ही वे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विपक्ष की सशक्त और सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों में जहां अच्छे प्रयास होंगे, वहां विपक्ष के रूप में सहयोग किया जाएगा,वहीं जनता के हितों की अनदेखी होने पर आवाज बुलंद की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### यातायात नियमों के ...

जानकारी देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को सीमित गति से वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा मोबाइल का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू ने आत्मरक्षा के गुर सिखाए, जबकि उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े, एनसीसी कैडेट्स, महिलाएं, बच्चे सहित काफी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

### नपा के पाइप ...

लगभग 20-40 वर्ष पूर्व बिछाई गई थी, जबकि शेष वार्डों में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2019 में पाइप लाइन विस्तार किया गया है। साथ ही पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक माह दो बार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की प्रयोगशाला में पानी की जांच कराई जाती है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जल प्रभारी को वार्डों का नियमित निरीक्षण कर शिकायतों के आधार पर प्रस्ताव तैयार करने तथा स्वच्छता प्रभारी को पाइप लाइन के आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका द्वारा नागरिकों से नियमों के अनुसार नल कनेक्शन लेने एवं स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ...

कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उनकी कोशिश होगी कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को विशेष कर अल्पसंख्यक वर्ग को भाजपा से जोड़े। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, संजय जैन, समेउद्दीन, भाजपा मंडल अध्यक्ष पी सोनकर सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



